ख़ारिज Schedule XLII-High Court (J) 19 [Old

**अनुमन्डल न्यायालय-असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि)बनमनखी,पूर्णिया बिहार**

**समक्ष- सतीश मणि त्रिपाठी (बिहार न्यायिक सेवा)**

स्वत्व वाद सं.-110/2014/ सी.आई.एस.क्र.-110/2014

अमेरिका देवी एवं अन्य बनाम दिलीप कुमार एवं अन्य

| Order date | Order with signature of the Court | Office action taken |
|---|---|---|
| 14/11/24 | वादी गण एवं प्रतिवादी की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है। यह वाद वादी की ओर से प्रस्तुत आवेदन दिनांक 28 अगस्त 2024 पर सुनवाई एवं आदेश हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन को संचालित कर वादी के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा समर्पित किया गया है कि वादी के द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2024 को विक्रय पत्र विलंब से प्रस्तुत किया गया है उक्त विक्रय पत्र वाद के निष्पादन के लिए आवश्यक दस्तावेज है जो लोक दस्तावेज है अतः विनम्र निवेदन है कि उक्त विक्रय पत्र को ग्रहण कर प्रदर्श अंकित किए जाने की कृपा की जाए।<br>इस वाद में प्रतिवादी के विरुद्ध एक पक्षीय सुनवाई की जा रही है।<br>वादी को सुना एवं अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख की अवलोकन से प्रतीत होता है कि वादी के द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2024 को विक्रय पत्र संख्या 8110 , 2019,6534, 4446 एवं 4444 विलंब से प्रस्तुत किया गया है जो लोक दस्तावेज की प्रामाणित प्रति है अतः वाद के प्रभावी एवं न्याय पूर्ण निराकरण के लिए इस आवेदन को स्वीकृत कर उक्त दस्तावेज को ग्रहण कर वादी की ओर से प्रदर्श 1,1/a,1/b,1/c,1/d अंकित किए जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।<br>वाद दिनांक 09/12 /24 वादी साक्ष्य हेतु नियत \|<br>लेखापित-<br>असैनिक न्या.(व.को.)बनमनखी<br>पूर्णिया ,बिहार | |